
# परोपकारी आत्माओं की निशानियां



परोपकारी अर्थात् सदा खिले हुए, रूहानी खुशबू फैलाने वाले।
परोपकारी अर्थात् सदा अपनी रूहानियत की स्थिति में रहने वाले।
परोपकारी अर्थात् दूसरों को मान देकर के स्वयं निर्माण रहने वाले।
परोपकारी अर्थात् संकल्प में भी गम के संस्कारों से मुक्त रहने वाले।
परोपकारी अर्थात् बाप समान स्वयं का समय भी सेवा में लगाने वाले।
परोपकारी अर्थात् स्वयं निर्माण बन औरों को नाम-मान-शान देने वाले।
परोपकारी अर्थात् भिखारी को मालामाल, सदाकाल का बादशाह बनाने वाले।
परोपकारी अर्थात् हर समय बाप समान हर आत्मा के गुणमूर्त्त को देखने वाले।
परोपकारी अर्थात् पुरुषार्थ की हर बात में पहले स्वयं का परिवर्तन करने वाले।
परोपकारी अर्थात् किसी की भी कमज़ोरी को परखकर वर्णन नहीं करने वाले।
परोपकारी अर्थात् निराश आत्मा में सदा के लिए आशा के दीपक जगाने वाले।
परोपकारी अर्थात् किसी भी कमजोरी, साधनों, संस्कारों, स्वभाव के वश नहीं।
परोपकारी अर्थात् कांटे को भी फूल बनाने वाले, होपलेस में होप पैदा करने वाले।
परोपकारी अर्थात् सर्व आत्माओं द्वारा दिल की आशीर्वाद के अधिकारी बनने वाले।
परोपकारी अर्थात् तीव्र पुरुषार्थ करने और कराने वाले, औरों को आगे बढ़ाने वाले।
परोपकारी अर्थात् अनेक आत्माओं की अल्पकाल की मनोकामनायें पूर्ण करने वाले।
परोपकारी अर्थात् नॉलेज के प्रैक्टिकल धारणा स्वरूप अनुभूतिमूर्त्त की अथार्टी वाले।
परोपकारी अर्थात् दिलशिकस्त को दिलखुश व शक्तिशाली बनाने वाले मस्त फ़कीर।
परोपकारी अर्थात् सौदा करने वाले नहीं, सदा महादानी बन देने वाले, सदा झुकने वाले।
परोपकारी अर्थात् अल्पकाल के साधनों से परे रहकर सदाकाल की प्राप्ति कराने वाले।
परोपकारी अर्थात् दूसरों की गलती को भी अपनी गलती समझ उन्हें राईटियस बनाने वाले।
परोपकारी अर्थात् सदा स्वयं को खज़ानों से सम्पन्न बेगमपुर के बादशाह अनुभव करने वाले।
परोपकारी अर्थात् सदा त्यागी और सदा श्रेष्ठ भाग्यशाली, स्वयं के प्रति इच्छा मात्रम अविद्या।
परोपकारी अर्थात् केस और किस्से खत्म कर विश्व कल्याण के कार्य में तीव्रगति लाने वाले।
परोपकारी अर्थात् सदा सन्तुष्टमणि समान स्वयं भी सन्तुष्ट और सर्व को भी सन्तुष्ट करने वाले।
परोपकारी अर्थात् स्नेह, शक्ति, मीठे बोल, उमंग से दिलशिकस्त को शक्तिवान बनाने वाले।
परोपकारी अर्थात् कमज़ोर आत्माओं को शक्ति का दान देने वाले, सर्व के प्रति सदा महादानी।
परोपकारी अर्थात् आलराउन्ड पार्टधारी, बेगर टू प्रिंस, सम्पन्न राजाओं की तरह सदा देने वाले।
परोपकारी अर्थात् सदा बाप समान स्वयं के खज़ानों को सर्व आत्माओं के प्रति देने वाले दाता रूप।
परोपकारी अर्थात् संकल्प में भी यह नहीं आवेगा कि यह करे तो मैं करूँ, यह बदले तो मैं बदलूँ।
परोपकारी अर्थात् सदा सेवा करते हुए सर्व आत्माओं द्वारा प्रशन्सा के पुष्पों की वर्षा कराने वाले।
परोपकारी अर्थात् अपकारी के ऊपर उपकार करने वाले, गाली देने वाले को भी गले लगाने वाले।
परोपकारी अर्थात् बेसमझ आत्माओं को नुकसानकारी बातों से छुड़ाकर उनका कल्याण करने वाले।
परोपकारी अर्थात् अपनी मन्सा, वाणी, सम्बन्ध, खुशी के अखुट खज़ाने से अखण्ड दान करने वाले।
परोपकारी अर्थात् अपनी शुभ भावना, सहयोग की कामना से अवगुणी आत्मा को गुणवान बनाने वाले।
परोपकारी अर्थात् स्वयं मालामाल होने कारण किसी भी आत्मा से कुछ लेकर के देने के इच्छुक नहीं।
परोपकारी अर्थात् अन्य आत्माओं की कमज़ोरी का काँटा कल्याणकारी स्वरूप से समाप्त करने वाले।